पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

———————

राज्यपाल ने नेशनल इण्टर कॉलेज, लखनऊ का निरीक्षण किया

विद्यार्थियों को शत्–प्रतिशत् उपस्थिति के लिए प्रेरित किया जाए

प्रत्येक कक्षा के विद्यार्थी प्रतिदिन स्वयं उपस्थित सहपाठियों की संख्या को ब्लैक–बोर्ड पर अंकित करें

शिक्षकों हेतु बने स्टाफ रूम में फर्स्ट–एड–बॉक्स की व्यवस्था रखी जाए

विद्यार्थियों के कलात्मक कार्य को दीवारों पर प्रदर्शित किया जाए

विद्यालय के सभागार तथा परिसर में स्वच्छता रखी जाए

स्टोर रूम में एकत्रित कबाड़ का निस्तारण किया जाए

प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रतिभा–प्रदर्शन के अवसरों से जोड़ा जाए

————————

लखनऊः 29 अगस्त, 2022

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आंनदीबेन पटेल ने आज यहाँ हजरतगंज स्थित नेशनल इण्टर कॉलेज, लखनऊ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राज्यपाल ने स्कूल की कक्षाओं, सभागार, शिक्षक हेतु स्टाफ रूम, लैब स्टोर रूम का अवलोकन किया। उन्होंने कक्षाओं में जाकर उपस्थित विद्यार्थियों से उनकी गतिविधियों, शिक्षा के प्रति सजगता, पारिवारिक विषयों तथा स्कूल आवागमन के साधनों की जानकारी ली।

विद्यार्थियों से बात करते हुए राज्यपाल जी ने उन्हें प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कक्षा से अनुपस्थित छात्र को स्वयं फोन पर बात कर अनुपस्थित रहने का कारण पूछा और स्कूल में उपस्थित होने के लिए कहा। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि

जिस दिन वे अनुपस्थित रहेंगे, उस दिन का पढ़ाया गया पाठ उनके शिक्षण से छूट जायेगा और छूटे हुए पाठ की शिक्षा के लिए अन्यत्र व्यवस्था विद्यार्थियों के पास सुलभ नहीं है। उन्होंने कक्षा में पंजीकृत विद्यार्थियों और उपस्थित विद्यार्थियों की संख्या को अलग–अलग ब्लैक–बोर्ड पर अंकित करवाया तथा विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे प्रतिदिन इसी प्रकार उपस्थित सहपाठियों का अंकन स्वयं करेंगे।

शिक्षकों हेतु बने स्टाफ रूम का निरीक्षण करते हुए राज्यपाल जी ने अव्यवस्था पर अप्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने निर्देश दिया कि स्टाफ रूम में एक फस्ट–एड–बॉक्स की व्यवस्था रखी जाए, जिससे आवश्यकता होने पर विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को आकस्मिक उपचार सहायता प्रदान की जा सके। उन्होंने कला शिक्षिका से कार्य की जानकारी लेते हुए स्टाफ रूम में रखे कला–पटों, पेन्टिंग आदि को स्कूल की दीवारों पर प्रदर्शित करने का निर्देश दिया। राज्यपाल ने विद्यालय के सभागार में धूल से भरी बेंचों पर भी अप्रसन्नता जाहिर करते हुए विद्यालय परिसर को साफ–सुथरा रखने को कहा। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिसर को सुन्दर रखने में विद्यार्थियों की प्रतिभागिता भी रखी जाए।

राज्यपाल जी ने निरीक्षण के दौरान स्टोर रूम में रखे कबाड़ को देखकर रोष व्यक्त किया ओर कबाड़ का निस्तारण कराकर सुव्यवस्थित करने का निर्देश दिया। उन्होंने विद्यालय की सभी लैब और उनमें उपलब्ध संसाधनों को भी देखा।

राज्यपाल जी ने लैब निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों से प्रयोगों की जानकारी ली, वहीं कक्षा 7 के विद्यार्थियों से उनके ड्राइंग कार्य के बारे में पूछा। छोटे बच्चों के बेहतरीन कला कार्य को देखकर राज्यपाल ने प्रधानाचार्य से प्रतिभाशाली छात्रों को प्रतिभा–प्रदर्शन के बेहतरीन अवसरों से जोड़ने को कहा।

राज्यपाल जी के निरीक्षण के दौरान जनपद लखनऊ के जिलाधिकारी श्री सूर्यपाल गंगवार, विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री रामचंद्र, जिला विद्यालयय निरीक्षक, लखनऊ श्री राकेश कुमार, विद्यालय के शिक्षक तथा अन्य अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

––––––

डा0 सीमा गुप्ता/राजभवन (197/06)
सम्पर्क सूत्र– 8318116361